पंतनगर विश्वविद्यालय के छात्र ने संसद में किया उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व

पंतनगर। 19 अप्रैल 2026। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के छात्र प्रणव सिसोदिया ने इतिहास रचते हुए संसद भवन में आयोजित प्राइड प्रोग्राम पहल के अंतर्गत युवा संसद कार्यक्रम में डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके विचारों एवं योगदान पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया।

विश्वविद्यालय साहित्यिक समिति के स्टाफ काउंसलर डा. अमित केसरवानी ने बताया इस कार्यक्रम में देशभर से आए चुनिंदा अति मेधावी छात्रों एवं युवाओं ने डा. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए उनके जीवन, योगदान तथा सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। हमें खुशी है पंतनगर छात्र को एक बार फिर ये गौरवपूर्ण पल हासिल हुआ।

इस मौके पर माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को संसद की कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी गई। प्रणव सिसोदिया ने इस अवसर को महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने अधिष्ठाता छात्र कल्याण, कुलपति और स्टाफ काउंसलर डा. अमित केसरवानी के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया तथा अपने माता–पिता के सहयोग और प्रोत्साहन के प्रति कृतज्ञता जताई। विश्वविद्यालय ने इसे गर्व का विषय बताते हुए कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय लगातार छात्रों को राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों द्वारा डा. आंबेडकर के आदर्शों को अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।